प्र. 4R 224/18 दौलाराम व अन्य V/s मेवाराम व अन्य (2018/224)

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	श्री गोविंद शर्मा – अधि० अपील श्री M. ... अधि० प्रत्यर्थी सं० 1	
22-5-2019	अपीलार्थी के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत अपील विड्रो किये जाने के प्रा0 पत्र के आधार पर पत्रावली आज पेश हुई। पत्रावली वास्ते तलबी व रेकार्ड प्रत्यर्थीगण हेतु दिनांक 18.7.2019 को नियत है। अपीलान्ट अभि0 गोविन्द शर्मा उपस्थित हैं। प्रत्यर्थी सं0 1 के अभिभाषक अनुपस्थित । अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा दिनांक 9.5.2019 को प्रार्थना पत्र वास्ते अपील विड्रो किये जाने का प्रस्तुत किया गया था जिसमें उनके द्वारा अपील अपील में पक्षकारान के मध्य आपसी समझाईश से राजीनामा होना अंकित करते हुए प्रस्तुत अपील में किसी प्रकार का अनुतोष नहीं चाहने का कथन करते हुए अपील को इसी स्तर पर विड्रो करने का निवेदन किया गया । प्रार्थना पत्र पर अपीलार्थी अभिभाषक की बहस सुने जाने के दौरान राजीनामा प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नहीं किये जाने बाबत जानकारी चाहने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पक्षकारान के मध्य मौखिक राजीनामा किया गया है अतः राजीनामा प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं है। अतः अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत अपील विड्रो का प्रार्थना पत्र दिनांकित 9.5.2019 खारिज किया गया। इसी दौरान अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा पुनः एक प्रार्थना पत्र आज दिनांक 22.5.2019 को वास्ते अपील विड्रो किये जाने का (बिना राजीनामें का अंकन किये) प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि अब अपीलार्थीगण किसी प्रकार का कोई अनुतोष नहीं चाहते है/अपील आगे नहीं चलाना चाहते है और इसी स्तर पर अपील विड्रो के आधार पर अपील खारिज फरमाई जावें । अतः न्यायहित में अपीलार्थी / प्रार्थी अभिभाषक का अपील विड्रो किये जाने का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील अपीलार्थी विड्रो किये जाने के आधार पर खारिज की जाती है । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। सभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned by CamScanner